प्रश्न 1- राज-कौशल (Rajasthan Labour Employment Exchange) क्या हैं ?

उत्तर : यह राजस्थान में उपलब्ध, सभी सेवा श्रेणियों की जन-शक्ति/श्रमिक व नियोक्ताओं (Employers) का एक मास्टर डेटा-बेस है।
इसमें राज्य सरकार के पास उपलब्ध विभिन्न प्रकार की जन-शक्ति (संनिर्माण श्रमिक, कोविड प्रवासी श्रमिक, पंजीकृत बेरोजगार, RSLDC प्रशिक्षित, ITI प्रशिक्षित इत्यादि) के डाटा को एक स्थान पर लाया गया है। साथ ही राज्य में उपलब्ध सभी संस्थान (उद्योग/व्यापार/ प्रशिक्षण संस्थान) जो रोजगार देने में सक्षम है उनको BRN (Business Registration Number) या UAN (Udhyog Aadhar Number) के आधार पर इस मास्टर डेटा-बेस में लाया गया है।

प्रश्न 2- राज-कौशल पर कोई श्रमिक/ जन-शक्ति अपना पंजीयन किस प्रकार करवा सकता है?

उत्तर : 1. इसके लिए श्रमिक sso.rajasthan.gov.in में अथवा rajkhaushal.rajasthan.gov.in के माध्यम से अपनी SSO ID से login करके G2C एप्लीकेशन में Rajkaushal एप्लीकेशन को Access करके।
2. निकटतम eMitra कियोस्क पर जाकर।
पंजीयन करवाते समय यदि उसका डाटा राज-कौशल में उपलब्ध है तो कुछ सूचनाएं स्वत: ही भर जाएगी साथ ही वह अपनी रोजगार की स्थिति, सेवा श्रेणी, कार्य का प्रकार, शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, प्रशिक्षण की आवश्यकता इत्यादि डालकर अपना पंजीयन करवा सकता है।

प्रश्न 3. राज-कौशल पर कोई नियोक्ता (Employer) अपना पंजीयन किस प्रकार करवा सकता है?

उत्तर : कोई भी नियोक्ता अपनी SSO ID का उपयोग करके स्वयं अथवा ई-मित्र कियोस्क पर उपलब्ध सर्विस के द्वारा इस पोर्टल पर अपना पंजीयन करवा सकता है। सबसे पहले नियोक्ता को BRN (Business Registration Number) डालना है। यदि नियोक्ता के BRN नंबर नहीं है तो वह दिए गए Link का उपयोग करके तुरंत BRN ले सकता है। BRN पंजीयन के आधार पर नियोक्ता

की अधिकांश सूचना स्वत: ही भर जाएगी। उसके यहां पर जन-शक्ति से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी से संबंधित सूचना भर कर वह अपना पंजीयन कर पाएगा। पंजीयन होने पर उसे SMS द्वारा सूचित कर दिया जाएगा।

प्रश्न 4. श्रमिक/जन-शक्ति हेतु राज-कौशल पोर्टल पर श्रमिक/जन-शक्ति हेतु क्या सेवाएं उपलब्ध है?

- पंजीयन।
- प्रोफाइल देखना, अपडेट करना।
- नई सेवा/स्किल को जोड़ना
- रोजगार की स्थिति अपडेट करना।
- अपनी सेवा की श्रेणी व कार्य के आधार पर उपलब्ध रोज़गारों की तलाश करना।
- किसी उपलब्ध रोजगार में अपनी रुचि दर्शाना, ऐसा करने पर उसकी सूचना संबंधित नियोक्ता के पास उपलब्ध हो जाएगी।
- अपने आवेदनों की स्थिति जांचना।
- प्रशिक्षण की आवश्यकता को दर्ज कराना।

प्रश्न 5. नियोक्ता (उद्योग/ व्यापार/ प्रशिक्षण संस्थान/ ठेकेदार) हेतु राज-कौशल पोर्टल पर क्या-क्या सेवाएं उपलब्ध है?

- पंजीयन |
- प्रोफाइल देखना, अपडेट करना।
- अपने संस्थान में रोजगार की आवश्यकता दर्ज करना।
- दर्ज आवश्यकता के आधार पर उपलब्ध श्रमिक/ जन-शक्ति उसे visible हो जाएगी। उसमें से किसी का भी प्रोफाइल देख कर नियोक्ता उसे SMS भेज पाएगा।
- उपलब्ध श्रमिक/ जन-शक्ति में से नियोक्ता अपनी आवश्यकता (सेवा की श्रेणी, कार्य का आधार, पता इत्यादि) के आधार पर तलाश कर सकता है,

तथा किसी भी श्रमिक/ जन-शक्ति के प्रोफाइल में SMS भेज कर अपनी रुचि दर्शा सकता है|

- दर्ज आवश्यकता के विरुद्ध श्रमिक/ जन-शक्ति से प्राप्त रुचि अथवा स्वयं द्वारा दर्शायी गयी रुचि के आधार पर यदि किसी श्रमिक/ जन-शक्ति का नियोक्ता द्वारा चयन किया जाता है तो यह सूचना नियोक्ता को अपडेट करनी होगी|

श्रमिक/ जन-शक्ति व नियोक्ता हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :-

- श्रमिक/ जन-शक्ति को नियोक्ता की प्रमाणिकता स्वयं के स्तर पर जांचनी होगी| इस संबंध में राज-कौशल पोर्टल/ राजस्थान सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी|
- रोजगार देने से पहले अथवा सेवा लेने से पहले श्रमिक/ जन-शक्ति की स्किल /योग्यता की जांच करना नियोक्ता की स्वयं की जिम्मेदारी होगी |इस संबंध में राज-कौशल पोर्टल/राजस्थान सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी|

Signature Not Verified
Digitally signed by Dilip Singh Gurjar
Date: 2020.08.18 16:02:53 IST
Reason: SelfAttested
Location: